केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

संख्या :
कोर/जी/पीआर/010 भाग-XXII दिनांक 20.08.2020

**प्रेस विज्ञप्ति**

## “फिट इण्डिया फ्रीडम रन की मुहिम के तहत दौड़ेगा कोर”

-------------

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई “फिट इण्डिया फ्रीडम रन” पहल के तहत केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, के अधिकारी एवं कर्मचारी बेहतर स्वास्थ्य के लिए दौड़ेंगे। इस अभियान को 15 अगस्त 2020 से 02 अक्टूबर 2020 तक महात्मा गाँधी के 151वीं जयंती तक चलाया जायेगा। इसका आयोजन रेल के कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी पसंद और सुविधा तथा शारीरिक क्षमता के अनुरूप अपने से निर्धारित समय का चयन कर दौड़/चल सकता है। दौड़ को बीच में रोक सकता है तथा अपनी प्रगति को किसी भी माध्यम से ट्रैक कर सकता है। फिट इण्डिया अभियान में शामिल व्यक्ति को कोविड-19 से बचाव के लिए निर्धारित मापदण्डों जैसे सामाजिक दूरी, का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

इस अभियान में फिट इण्डिया वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराए गए प्लेटफार्म पर भी जाकर भाग लिया जा सकता है। “फिट इण्डिया फ्रीडम रन” के तत्वाधान में कोर मुख्यालय, प्रयागराज एवं इसकी देश भर में फैली हुई परियोजनाओं के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महाप्रबन्धक श्री यशपाल सिंह, के कुशल नेतृत्व में इस अभियान में सभी के द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है। जिससे रेल परिवार के सभी सदस्य बेहतर कार्य के साथ निरोगी रह कर राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान प्रदान कर सकें।

(अमिताभ शर्मा)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज